## राफेल पर राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग

# देशभर में भाजपा का प्रदर्शन आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी को आसानी से राहत देने के मूड में नहीं है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा राहुल गांधी से इस मामले मे देश से माफी मांगने की मांग करेगी। इसके लिए शनिवार से पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेंद्र यादव ने कहाकि शनिवार से भाजपा कार्यकर्ता हर जिले में एकत्र होकर कांग्रेस नेता से अपने झूठ के लिए माफी मांगने की मांग करेंगे। पार्टी मुख्यालय में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहाकि लोकतंत्र में वैचारिक लड़ाई हो सकती है,लेकिन जब कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी और उसके अध्यक्ष झूठ की राजनीति पर उतर आते हैं,तब उसे बेनकाब करने के लिए जनता को आगे आना पड़ता है। उन्होंने कहाकि भाजपा का मानना है कि लोकतंत्र में लोकलाज का खयाल रखा जाना चाहिए। इसलिए पार्टी मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी का झूठ बेनकाब हो जाने के पश्चात कांग्रेस पार्टी इस लोक-लाज को माने और माफी मांगे। उन्होंने कहाकि इसके लिए 16 नवम्बर को भाजपा कार्यकर्ता देश भर में जिला स्तर पर एकत्र होकर कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के झूठ को जनता के सामने बेनकाब करेंगे। यादव ने कहाकि भाजपा कार्यकर्ता मांग करेंगे कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी द्वारा जनता के साथ बेशर्मी से लगातार झूठ बोला गया है,इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

## शिवसेना से कांग्रेस की गलबहियां से मुस्लिम संगठन नाराज



मुंबई। सत्ता के लालच में धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा छोड़कर हिंदुत्व की विचारधारा वाली शिवसेना से हाथ मिलाने वाली कांग्रेस से महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन नाराज हैं। शुक्रवार को मुंबई से सटे मीरा रोड इलाके में जुम्मे की नमाज के दौरान मौलानाओं ने यह बात लोगों के सामने रखी कि कैसे कांग्रेस के फैसले से उनका समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मुफ्ती मौलाना जियाई ने कहा हम इन सियासतदानों से यह पूछना चाहेंगे कि आपने कितने धर्मनिरपेक्ष जमात से पूछने के बाद सांप्रदायिक के पास जाने का फैसला किया? कौन सी मशीन आप लोगों के पास मौजूद है, जिसमें कोई सांप्रदायिक आए तो वह धर्मनिरपेक्ष बन जाता है? बाबरी मस्जिद की शहादत में शामिल होने वाले तमाम कम्युनल पार्टियां उनको अपने साथ लेकर के आप सेकुलर बन जाएंगे या उनको आप सेक्यूलर बना लेंगे या आप कम्युनल की तरफ चले जाएंगे?' उन्होंने कहा कि हमारा इस्तेमाल कब तक होता रहेगा? हमारे साथ धोखा कब तक होता रहेगा? आम मुस्लिमों ने कहा कि हमने कांग्रेस को इसलिए सपोर्ट किया था क्योंकि वह एक सेकुलर पार्टी है, लेकिन आज कांग्रेस ने हमें दोबारा शिवसेना के पास ले जाकर खड़ा कर दिया। आवाम क्या चाहती है इसका उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता वह सिर्फ अपनी सत्ता चाहते हैं। यह नेता किसी एक पार्टी के होकर नहीं रहते हैं। इनको जहां मलाई दिखती है, ये वहीं चले जाते हैं। यह सिर्फ मुस्लिम लोगों के साथ धोखा नहीं, बल्कि यह सेकुलर लोगों के साथ भी धोखा है।उनका कहना है कि सभी लोग इस बात को समझते। महाराष्ट्र के सेकुलर लोगों के पास बहुत सारे सवाल हैं। इन लोगों को इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा। वक्त आने के साथ इनके हालात बिगड़ेंगे।

## वॉर-रूम आज जुटेंगे 'कांग्रेसी योद्धा'



- सोनिया की अनुपस्थिति रहीं तो प्रियंका संभालेंगी मोर्चा

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** लंबे समय से मायूसी झेल रहे कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं में आस की जो एक डोर बंधी है उसे कैसे और मजबूत किया जाए? कैसे भाजपा के खिलाफ मुद्दों को कार्यकर्ताओं के बल पर घर-घर पहुंचाया जाए? कैसे इस संबंध में सोशल मीडिया सहित प्रचार-प्रसार के अन्य माध्यमों का उपयोग हो? और सबसे ऊपर कैसे बेहतर फंड की व्यवस्था हो ताकि संगठन का कामकाज व्यवस्थित ढंग से चल सके? इन मसलों पर जब देशभर से दिल्ली में जुटे प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, एआईसीसी महासचिव, सचिव, प्रभारियों का जमघट शनिवार को लगेगा तो लंबे समय बाद पार्टी के लिए बड़ा अवसर होगा जब नेताओं के जरिये नीचे तक के कार्यकर्ताओं को री-चार्ज किया जाए। ऐसे में समय में ज्यादा उम्मीद थी कि सोनिया गांधी बतौर अध्यक्ष एआईसीसी के इस उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करने रकाबगंज रोड स्थित कांग्रेस वॉर-रूम पहुंचेंगी, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि बैठक में सोनिया गांधी नहीं रहेंगी। बैठक मूल रूप से प्रियंका गांधी की सरपस्ती में चलेगी। सोनिया गांधी बैठक से अनुपस्थित रहीं तो आधिकारिक तौर पर संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में बैठक होगी, मगर इसकी कमान प्रियंका के हाथों में होगी। बैठक में राहुल गांधी होंगे या नहीं इसकी सूचना नहीं मिल पाई। झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव पर भी व्यापक चर्चा होनी है। सोमवार से शुरू हो रहे संसदीय सत्र में पार्टी की ओर से मुद्दे तय करने में भी प्रदेश के नेताओं की भागीदारी होगी। भाजपा के खिलाफ देशभर में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

## क्रिकेट और राजनीति में कुछ भी हो सकता है: गडकरी

मुंबई। महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को क्रिकेट से जोड़ते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों (क्रिकेट और राजनीति) में कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो मैच हारता हुआ दिखाई देता है वास्तव में वह जीत भी सकता है। गडकरी का बयान ऐसे वक्त आया है जब भाजपा से अलग हो चुकी शिवसेना कांग्रेस और राकांपा की मदद से सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। तीनों दल संभावित सरकार के मार्गदर्शन के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम का मसौदा तैयार कर चुके हैं। महाराष्ट्र में बने राजनीतिक हालात के बारे में सवाल पर उन्होंने कहा क्रिकेट और राजनीति में कुछ भी हो सकता है।




## पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
Tel. No.: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746
Email : pearl@pearlpet.net, Web : www.pearlpet.net

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही हेतु 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.06.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2019 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 3,235.84 | 4,170.25 | 4,311.44 | 7,406.09 | 9,003.54 | 18,092.22 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (435.55) | (188.52) | (288.12) | (624.06) | (484.42) | (631.34) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (435.55) | (188.52) | (288.12) | (624.06) | (484.42) | (631.34) |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (435.55) | (188.52) | (288.12) | (624.06) | (484.42) | (486.44) |
| 5 | अवधि [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | (434.26) | (187.22) | (288.00) | (621.47) | (483.98) | (487.76) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | | | | | | 2,858.53 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | 1. बेसिक | (2.59) | (1.12) | (1.71) | (3.71) | (2.88) | (2.89) |
| | 2. डायल्युटेड | (2.59) | (1.12) | (1.71) | (3.71) | (2.88) | (2.89) |

टिप्पणी :
सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज्ज के पास दायर किये गये तैमाहिक एवं अर्ध वार्षिक अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.nseindia.com, www.bseindia.com पर और कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net पर उपलब्ध हैं।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
हस्ता/-
(चांद सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00002944

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14 नवम्बर 2019



## PROVESTMENT SERVICES LIMITED

CIN : L74899DL1994PLC058964
Regd. Office: 5, Pusa Road, First Floor, Karol Bagh, New Delhi-110005
Tel: 011-47177000, Fax: 011-47177077, E-mail: deepika@provestment.net,
Website: www.provestment.net

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE QUATERLY AND HALF YEAR FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED SEPTEMBER 30, 2019

(Figures in Lacs)

| Particulars | Quarter Ended Sept 30, 2019 (Unaudited) | June 30, 2019 (Unaudited) | Sept 30, 2018 (Unaudited) | Half Year Ended Sept30,2019 (Unaudited) | Sept30,2018 (Unaudited) | Year Ended March 31, 2019 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 3695.25 | 2862.58 | 3056.04 | 6557.84 | 6737.55 | 11886.33 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.31 | 8.92 | 3.16 | 16.22 | 14.81 | 91.90 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.31 | 8.92 | 3.16 | 16.22 | 14.81 | 91.90 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 5.05 | 6.16 | 2.21 | 11.21 | 10.37 | 54.20 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 5.05 | 6.16 | 2.21 | 11.21 | 10.37 | 54.20 |
| Equity Share Capital (Face value of share is Rs. 10/-) | 510.30 | 510.30 | 510.30 | 510.30 | 510.30 | 510.30 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | - |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| 1.Basic : | 0.10 | 0.12 | 0.04 | 0.22 | 0.20 | 1.06 |
| 2.Diluted: | 0.10 | 0.12 | 0.04 | 0.22 | 0.20 | 1.06 |

Notes:
1.The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at meeting held on 14th November, 2019.
2.Depreciation for the quarter ended 30th June 2019 has been over calculated by Rs 1.15 lakhs which has been rectified in quarter ended 30th September 2019.
3.The number of investors complaints at the beginning of the quarter -Nil, received - Nil, disposed off - Nil & lying unresolved at the end of quarter - Nil.
4.The above Unaudited Financial Results have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under the Section 133 of the Companies Act, 2013 read with rules made there under.
5.Previous year/ quarter figure has been re-grouped / re arranged wherever required.
6. As per IND-AS 108, Operating Segments have been defined based on the regular review by the Companies Chief Operating Decision maker to assess the performance of each segment and to make decision about allocation of resources.
7. The above unaudited standalone/Half Yearly financial results were, subjected to limited review by Statutory Auditors of the Company, reviewed by Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting 14th November, 2019. The review report of the Statutory Auditors is being filed with BSE.

For Provestment Services Limited
Sd/- Vijay Kumar (CFO) PAN NO: AKDPK4666K
Sd/- Praveen Bhatia Whole Time Director DIN : 00147498

Date:14.11.2019
Place: New Delhi


### गृह मंत्री ने किया सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा

## देश को अर्द्धसैनिक बल के जवानों की 'अनुकरणीय वीरता' पर गर्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) के मुख्यालय का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बल की संचालनात्मक तैयारियों की समीक्षा की । शाह ने इस दौरे की कुछ तस्वीरें अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए कहा कि देश को अर्द्धसैनिक बल के जवानों की 'अनुकरणीय वीरता' पर गर्व है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में तीन लाख से अधिक जवान हैं और आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सल विरोधी अभियान के लिए प्रमुल बल के रूप में नामित है। शाह ने ट्वीट कर कहा केरिपुब के जवान देश की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हमेशा अपने ध्येय वाक्य (मोटो) 'सेवा' एवं 'निष्ठा' के लक्ष्य के साथ रहते हैं।

## जम्मू-कश्मीर...




जम्मू में एबीवीपी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन ।

## छात्रा आत्महत्याः आईआईटी मद्रास ने जांच में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जतायी




- आईआईटी मद्रास ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग एवं उसके खिलाफ फैलाई जा रही अफवाहों की निंदा की

**चेन्नई।** आईआईटी मद्रास की छात्रा के आत्महत्या मामले में द्रमुक समेत अन्य राजनीतिक दलों की तरफ से शुक्रवार को किए गए विरोध प्रदर्शन के बीच, संस्थान ने कहा कि वह केंद्रीय अपराध शाखा को सौंपी गई जांच में पूर्ण सहयोग कर रहा है। निष्पक्ष जांच के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए, आईआईटी मद्रास ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग एवं उसके खिलाफ फैलाई जा रही अफवाहों की निंदा की। साथ ही उसने इस मामले में मीडिया ट्रायल की भी भर्त्सना की। प्रथम वर्ष की छात्रा फातिमा लतीफ ने नौ नवंबर को छात्रावास में आत्महत्या कर ली थी। केरल की इस छात्रा के परिवार द्वारा आईआईटी-मद्रास के संकाय सदस्य पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाने के बाद राजनीतिक दलों ने मामले में विस्तृत जांच की मांग की। आत्महत्या मामले की जांच केंद्रीय अपराध शाखा को सौंपे जाने के एक दिन बाद पुलिस अधिकारियों ने जांच के संबंध में परिसर का दौरा किया।

## राजस्थान में 49 नगर निकायों में मतदान आज



**जयपुर।** राजस्थान के 49 नगर निकायों में लगभग 2100 वार्ड पार्षदों के लिए शनिवार को मतदान होगा। राज्य में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के आने के बाद ये पहले निकाय चुनाव हैं जिनके परिणामों पर सबकी नजर रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने मतदान शांतिपूर्ण करवाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य निर्वाचन विभाग के अनुसार राज्य के 49 निकायों में कुल 7944 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सोबन कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सोबन कुमारी, पुत्री, अमर पाल सिंह, पता मकान** ए–56, शिव पार्क, नाँगलोई, दिल्ली, जो दिनांक 31.10.2019 को थाना क्षेत्र, नाँगलोई, दिल्ली से लापता/अपहरण हुआ है। इस संदर्भ में एक **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 710/19 धारा 363 भा.द.स. के तहत दिनांक 04.11.2019** थाना नाँगलोई, दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा/अपहृत लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :
**नाम** : सोबन कुमारी, **पिता का नाम** : अमर पाल सिंह **उम्र** : 11 साल, **कद** : 4 फुट 5 इंच, **रंग** : गोरा, **चेहरा** : गोल, **पहनावा** : जिसने लाल रंग की सूट एवं सलवार एवं पैरों में चप्पल पहन रखी है।
अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641


**थानाध्यक्ष**
**थाना : नाँगलोई, दिल्ली**
**फोन : 011-25947225**
**25949470**

DP/2852/OD/19


## ओडिशा में सरकारी पुस्तिका में किया गया दावा

# दुर्घटना के चलते हुई गांधीजी की मृत्यु

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



ओडिशा में एक सरकारी पुस्तिका में दावा किया गया है कि महात्मा गांधी की मृत्यु दुर्घटना के चलते हुई जिसके बाद इसे लेकर राज्य में विवाद छिड़ गया है। राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से माफी मांगने और इस बड़ी भूल को तत्काल सुधारने को कहा है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर प्रकाशित दो पृष्ठों की पुस्तिका आमा बापूजी एका झलक में उनकी शिक्षाओं, उनके कार्यों और ओडिशा से उनके जुड़ाव की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि गांधी का दिल्ली के बिड़ला हाउस में 30 जनवरी 1948 को अचानक हुए घटनाक्रम में दुर्घटना के चलते निधन हो गया। पुस्तिका पर मचे बवाल के बीच पटनायक नीत सरकार ने यह पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया है कि स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग ने ऐसी जानकारी प्रकाशित क्यों की। इस पुस्तिका को राज्य सरकार के स्कूलों और राज्य सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में वितरित करने के लिए प्रकाशित किया गया था। भाकपा ने राज्य सचिव आशीष कानूनगो ने भी आरोप लगाया कि यह कदम इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और सच को छुपाने के लिए राज्य के रचे षड्यंत्र का हिस्सा है।

### मुख्यमंत्री को पुस्तिका में प्रकाशित गलत सूचना के लिए माफी मांगनी चाहिए:पूर्व मंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नरसिंह मिश्रा ने कहा कि सरकार के प्रमुख होने के नाते मुख्यमंत्री को पुस्तिका में प्रकाशित गलत सूचना के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने इस गलती को 'अक्षम्य कृत्य' बताया। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कहा पटनायक को इस बड़ी भूल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, माफी मांगनी चाहिए और पुस्तिका तत्काल वापस लेने के लिए निर्देश जारी करने चाहिए। मिश्रा ने बीजद सरकार पर गांधी से नफरत करने वालों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि महात्मा गांधी की हत्या किसने की और उनकी हत्या किन परिस्थितियों में की गई। उन्होंने कहा राष्ट्रपिता से नफरत करने वालों को खुश करने के लिए उनके निधन की जानकारी इस प्रकार दी गई।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम**: नामालूम, **पिता**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र** : लगभग 33 साल, **कद** : 5 फीट 8 इंच, **चेहरा**: लम्बा, **रंग** : सांवला, **जिस्म** : सामान्य, **बाल**: छोटे काले, **आँख** : काले, **पहनावा**: जिसने निले रंग का टी–शर्ट व काले रंग की पैन्ट पहने हुए है। जो बी.के.एस. मार्ग, नियर मस्जिद कनाट प्लेस नई दिल्ली के पास बेहोशी की हालत में मिला जिसको लेड़ी हार्डिंग अस्पताल में MLC No.78995/19 पर भर्ती कराया गया। जिसके बाबत **डी डी नं. 25ए दिनांक 11.11.2019** थाना कनाट प्लेस नई दिल्ली में दर्ज की गई जिसकी दौराने इलाज मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : कनाट प्लेस, नई दिल्ली**
**फोन : 011-23364139, 23747100, 8750870525**

DP/2151/NDD/19



## एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.

CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
E -Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.com, Tel.: +91-11-42504842

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन व समेकित) का सार

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30/09/2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30/09/2019 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30/09/2018 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30t/09/2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30/09/2019 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30/092018 (अअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.39 | 0.78 | 0.40 | 0.39 | 0.78 | 0.40 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (43.36) | (42.50) | (54.64) | (43.36) | (42.50) | (54.64) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (43.36) | (42.50) | (60.54) | (43.36) | (42.50) | (621.89) |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (43.36) | (42.50) | (60.54) | (43.36) | (42.50) | (621.89) |
| 5 | अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | (43.36) | (42.50) | (60.54) | (43.36) | (42.50) | (621.89) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | रिजर्व्स पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर | | | | | | |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | बेसिक | (0.43) | (0.43) | (0.61) | (0.43) | (0.43) | (6.22) |
| | डायल्युटेड | (0.43) | (0.43) | (0.61) | (0.43) | (0.43) | (6.22) |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14 नवम्बर 2019 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये हैं।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानदंड (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.
हस्ता/-
जगदीश चन्द्र चावला
निदेशक
डीआईएन : 053156202

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.11.2019

चिंतन

# बरसों तक याद किए जाते रहेंगे जस्टिस रंजन गोगोई

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई दो दिन बाद अवकाश प्राप्त कर रहे हैं। शुक्रवार को उनका अदालती कामकाज का अंतिम दिन था। तीन अक्तूबर 2018 को उन्होंने यह पद संभाला और तब किसे अंदाज़ा था कि बतौर चीफ़ जस्टिस गोगोई ऐतिहासिक फैसलों के लिए बरसों तक याद किए जाएंगे। इस पद पर वह क़रीब साढ़े तेरह महीने रहे और इस दौरान बरसों से लटके पड़े अयोध्या में राम मंदिर मसले का उन्होंने हल निकाल दिया। उनकी सरपरस्ती में पांच जजों की पीठ ने रामलला विराजमान के पक्ष में फ़ैसला देते हुए मुस्लिम पक्ष को अयोध्या में ही किसी दूसरे स्थान पर मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश केंद्र और राज्य सरकार को दिए। इस फैसले से उस स्थान पर ही राम मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया, जहां रामलला स्थित हैं और जिस स्थान के मालिकाना अधिकार को लेकर तीन पक्षों में बरसों से मुकदमेबाजी चल रही थी। इस फैसले का सभी पक्षों ने खुले दिल से स्वागत किया और राहत की सांस ली। वर्ष 2016 में जस्टिस गोगोई उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज मार्कंडेय काटजू को अवमानना का नोटिस भेज दिया था। दरअसल, जस्टिस काटजू ने अपने एक फेसबुक पोस्ट में सौम्या बलात्कार और हत्या केस में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए फैसले की आलोचना की थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को बलात्कार का दोषी करार दिया लेकिन हत्या का नहीं। इस मामले का फैसला जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया था। अवमानना नोटिस के बाद जस्टिस काटजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने फेसबुक पोस्ट के लिए माफी मांगी। इसके बाद यह मामला यहीं पर खत्म हो गया। जस्टिस गोगोई ने रिटायर होने से पहले एक और अहम फैसला सुनाया। उनकी अध्यक्षता वाली संविधानिक पीठ ने कुछ शर्तों के साथ चीफ जस्टिस कार्यालय को सूचना के अधिकार कानून के दायरे में लाने का फैसला दिया। कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा कि सीजेआई का ऑफिस भी पब्लिक अथॉरिटी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी जज आरटीआई के दायरे में आएंगे। केरल के सबरीमाला विवाद को लेकर दायर पुनर्विचार याचिका को पांच जजों की बेंच ने बहुमत से बड़ी बेंच को रेफर कर दिया है। फिलहाल मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का फैसला बरकरार रहेगा। अब 7 जजों की बेंच इस मामले में सुनवाई करेगी। पांच जजों में से दो ने इसके खिलाफ अपना निर्णय दिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले में सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। 5 जजों की में से सीजेआई रंजन गोगोई जस्टिस इंदु मल्होत्रा और जस्टिस खानविलकर ने बहुमत में फैसला दिया है। जबकि जस्टिस फली नरीमन और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अलग से इस निर्णय के खिलाफ अपना फैसला दिया था। राफेल डील की जांच के लिए दाखिल पुर्नविचार याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस गोगोई के नेतृत्व वाली संविधान पीठ ने मोदी सरकार को इस मामले में क्लीनचिट दे दी। संविधान पीठ ने कहा कि मामले की अलग से जांच करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार की दलीलों को तर्कसंगत और पर्याप्त बताते हुए माना कि केस के मेरिट को देखते हुए फिर से जांच के आदेश देने की जरूरत नहीं है। अपने कामकाज के अंतिम दिन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने न्यायपालिका और सहकर्मियों के नाम संदेश दिया। उन्होंने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जजों की आजादी पर कहा कि जजों को मौन रहकर अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग करना चाहिए। सीजेआई ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रेस के व्यवहार की भी सराहना की। जस्टिस गोगोई की ओर से जारी नोट में कहा गया, 'वकीलों को बोलने की स्वतंत्रता है और यह होनी चाहिए। बेंच के जजों को स्वतंत्रता का प्रयोग मौन रहकर करना चाहिए। जजों को अपनी आजादी बनाए रखने के लिए मौन रहना चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें चुप रहना चाहिए, बल्कि जजों को अपने दायित्वों के निर्वाह के लिए ही बोलना चाहिए। इसके अलावा उन्हें मौन ही रहना चाहिए।'

व्यंग्य
आलोक पुराणिक

# सेक्युलर सेक्युलर सब सेक्युलर

सेक्युलरिज्म यानी धर्म निरपेक्षता अब हर तरफ दिखाई दे रही है। दिल्ली का जहरीला धुआं कतई सेक्युलर है। हिंदू-मुस्लिम, सिख और ईसाई सबको समान रूप से बीमार करता है, धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता, एकदम सेक्युलर हो गया है। धर्म निरपेक्षता दिल्ली के आकाश में, माहौल में पसरी पड़ी है। सेक्युलर ही सेक्युलर ही मिल तो लें। मुंबई का माहौल भी कतई सेक्युलर हो लिया है। बाबरी मस्जिद तोड़ने वाले शिव सैनिक थे। इस आशय के आह्वान जिस पार्टी शिव सेना से आते थे, उस पार्टी के नेता उद्धव ठाकरे कांग्रेस और शरद पवार की कांग्रेस की साथ मिलकर विचार विमर्श कर रहे हैं कि शिव सेना किस तरह से सेक्युलर दिख सकती है। शिवसेना सेक्युलर नहीं थी, अब कांग्रेस की सोहबत में हो जाएगी।

पर कांग्रेस तो कभी भी हिंदू राजनीति को समर्थन देने वाली पार्टी नहीं थी। अब हो जाएगी। सेक्युलरत्व एक ही जगह, हिंदुत्व की राजनीति एक जगह, शिव-कांग्रेस नाम का नया गठजोड़ अस्तित्व में आ जाए, तो राजनीतिक विचारधाराओं का डिपार्टमेंटल स्टोर एक ही जगह खुल जाएगा। अच्छा थोड़ा सा हिंदुत्व की वैरायटी के नारे दिखाने हैं, जी इसी डिपार्टमेंटल स्टोर के उस कार्नर में चले जाइए, उद्धव ठाकरे दिखा देंगे, जी बिल्कुल इसी छत के नीचे। इसी डिपार्टमेंटल स्टोर के नीचे नहीं आपको स्टोर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बिल्कुल यहीं पर है हिंदुत्व भी मिलता है, सेक्युलरिज्म भी मिलता है।

जी मुझे कुछ सेक्युलरिज्म दिखाइए। हल्की चाल का सेक्युलरिज्म इसी स्टोर में अशोक चव्हाण कांग्रेस वाले दे रहे हैं। क्या कहा कुछ गहरा सेक्युलरिज्म चाहिए। जी बिल्कुल यहीं मिलेगा, वहां उस तरफ शरद पवार की कांग्रेस वाले नवाब मलिक थोड़ी गहरी चाल का सेक्युलरिज्म दे रहे हैं। क्या एकदम गहरा वाला सेक्युलरिज्म चाहिए। बिल्कुल उस कोने में शरद पवार की कांग्रेस वाले माजिद मेमन से ले लीजिए। हर रंग का, हर ढंग का सेक्युलरिज्म हमारे पास है और अब तो हिंदुत्व भी हमारे पास है, वहां देखिए उद्धव ठाकरे-कांग्रेस-शरद पवार कांग्रेस-शिव सेना-यानी शिव-कांग्रेस। शिव-कांग्रेस। सेक्युलरिज्म सब तरफ है, उसकी मांग है, उसका बाजार है, उसकी उठान है। भारतीय जनता पार्टी भी जम्मू कश्मीर में लंबे वक्त महबूबा मुफ्ती के साथ सरकार में रही। सेक्युलर पालिटिक्स के रेट अच्छे मिल जाते हैं, रेट बहुत अच्छे मिल जाएं, तो हिंदुत्व की पालिटिक्स के साथ एक के साथ एक के फ्री में ऑफर में रख दो तो सेल उठ जाती है।

शिव-कांग्रेस के पास अब सब है, जौन से शेड का सेक्युलरिज्म कहो, हम आपको दे देंगे। जौन से शेड का हिंदुत्व कहो , देंगे। कस्टमर कहीं जा न पाए, सब कुछ यहीं है। कांग्रेस-शिवसेना के साथ जाकर सेक्युलर मानी जाएगी। शिवसेना की सहयोगी पार्टी कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भी सेक्युलर मानी जाएगी। राहुल गांधी को थोड़ी सी चिंता हो सकती है कि केरल जहां से वह हाल का लोकसभा चुनाव जीते हैं, में कहीं कांग्रेस की सेक्युलरता में थोड़ा शक सा न पैदा हो जाए, शिवसेना के साथ आने का। क्या पता कुछ सालों बाद शिवसेना केरल और बंगाल में भी अपने गठबंधन सहयोगियों से सीटें मांगने लगे। तब शिवसेना बंगाल या केरल में खुद को परम सेक्युलर साबित कर सकती है कि हम तो परम सेक्युलर हैं-देखिए हमारे परम सेक्युलर सहयोगी, माजिद मेनन, नवाब मलिक, अशोक चव्हाण।

ओ नो ओ नो, ये सेक्युलरिज्म है क्या। सेक्युलरिज्म एक टोपी है जो हर वक्त हर मौके पर पहनी जा सकती है। सेक्युलर विकट चादर है, एक तरफ इसमें उद्धव ठाकरे हैं, दूसरी तरफ माजिद मेनन हैं। क्या कनफ्यूजन है यह तो। क्या अब उद्धव ठाकरे को हम सेक्युलर मान लें या अशोक चव्हाण को हिंदुत्व की राजनीति करनेवाला मान लें। प्यारे, राजनीति तो सिर्फ कुर्सी की होती है। सेक्युलरिज्म को बीच में क्यों लाते हैं। तो सेक्युलर हम किसे मानें। सेक्युलर दिल्ली के जहरीले धुएं को मान लो, धर्म की चिंता किए बगैर सबको मार रहा है न। और कितना सेक्युलरिज्म लोगे जी।

# सावरकर के लिए पारदर्शी गांधी



जिरहनामा
कनक तिवारी

हिन्दू महासभा ने कांग्रेस के अनुसार आजादी की लड़ाई के दौरान कई मतभेद, दिक्कतें और उलझनें राष्ट्रीय मानक मूल्यों के स्थिरीकरण के सन्दर्भ में पैदा की। गांधी केंद्रीय भूमिका में होने से सभी गतिविधियों और घटनाओं से भरोसेमंद तौर पर संसूचित और परिचित रहे हैं। यह आईने की तरह साफ है। हिन्दू महासभा का गठन, भूमिका, महत्वाकांक्षाएं और उसकी विचारधारा के इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में देश को अपने रंग में रंग लेने की कोशिशें बम्पर सफलता ले तो आई हैं। इतनी उसको खुद भी कल्पना नहीं रही होगी।

पूर्व से आगे...

गांधी ने यह भी लिखा थाः 'दोनों भाइयों की रिहाई पर आगे रोक लगाए रखने का इकलौता सबब 'सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा' ही बताया जा सकता है।.....अगर उन्हें आगे कुछ समय के लिए भी कैद में रखना है, तो उसका औचित्य ठहराते हुए एक पूरा बयान जारी करना जनता के प्रति सरकार का कर्तव्य है।....ये दोनों भाई राजनीतिक अपराधी हैं, इसमें तो कोई सन्देह हो ही नहीं सकता। जहां तक आम जनता को लगता है, सार्वजनिक सुरक्षा को भी कोई खतरा नहीं है।.....जनता को यह लेकिन जानने का अधिकार है कि ठीक ठीक वे कौन से कारण हैं जिनके आधार पर माफी दे सकने संबंधी सम्राट की घोषणा के बावजूद दोनों भाइयों की रिहाई पर रोक लगाई जा रही है। यह ऐलाने आम तो जनता के लिए सम्राट की ओर से दिए गए ऐसे हुक्मनामे का परिणाम है जो कानून का असर रखता है।' गांधी के वक्तव्य में द्वैध और श्लेष की कूटनीतिक रॉकेटनुमा प्रहाशक्ति दोनों पढ़ी जा सकती है। गांधी के मुताबिक जनता को भी सावरकर भाइयों की आरोपित हिंसात्मक या अन्य कानूनतोड़क कार्यवाहियों की पूरी जानकारी होने का जनतांत्रिक अधिकार है। गांधी की समझ में इसके बावजूद सावरकर बंधुओं और जनता दोनों के नैसर्गिक अधिकारों को रहस्यमयता का कानूनी लबादा ओढ़कर अंगरेज कुचल रहे थे।

ताजा इतिहास को एक बात और मालूम होना चाहिए। सावरकर की रिहाई के लिए दिए जाने वाले माफीनामे के समर्थन में अनुरोध पत्र पर गांधी के दस्तखत की उम्मीद महसूस की गई थी। गांधी ने दस्तखत करने से तो इंकार किया। सयानेपन तथा मनुष्यता की उदारता के चलते अपनी नैष्ठिक भूमिका का सचनामा गांधी ने 27 जुलाई 1937 के बॉम्बे क्रॉनिकल के अपने पत्र में लिखा ''सावरकर मानते होंगे कि मैंने उनकी रिहाई के लिए भरसक कोशिश तो की थी। वे यह भी मानेंगे कि मेरे और उनके बीच लंदन में हुई पहली मुलाकात के वक्त आत्मीय रिश्ते थे।'' उल्लेख के बाद शेगांव से 12 अक्टूबर 1939 को लिखे पत्र में गांधी ने खुलासा किया वे अपनी बात समझाने के लिए सावरकर के घर भी गए थे। भले ही उसे ठीक नहीं समझा गया हो।

गांधी में हिंदू महासभा और सावरकर को लेकर कभी भी सियासी या पूर्वग्रहित धारणाएं नहीं थीं। उन्होंने हिन्दू महासभा और सावरकर आदि के संवैधानिक किस्म के अधिकारों की खुलेआम बार बार पैरवी भी की। बिहार सरकार ने हिंदू महासभा के 1 दिसंबर 1941 से 10 जनवरी 1942 तक चलने वाले सालाना सम्मेलन की इजाजत नहीं दी। उसी दरमियान बकरीद का त्यौहार पड़ने से सरकारी समझ में सांप्रदायिक तनाव की हालत हो सकती थी। सावरकर ने हिंदू महासभा के अध्यक्ष तथा बंगाल के वित्त मंत्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी वगैरह ने अधिकारियों को लिखित आश्वासन दिया था। गांधी ने साफ कहा हिंदू महासभा को इजाजत दे देने से बिहार की




सरकार को एक मौका मिला है। वह मनुष्य और नागरिक आजादी के अर्थ में हिंदू और मुसलमान को एक ही मंच पर लाने का मौका हाथ से नहीं जाने दे। गांधी सांकेतिक भाषा में मुस्लिम लीग से भी अपील करते हैं। लीग हिन्दू महासभा अर्थात अपने 'भगिनी संगठन' को वह आजादी मिलने दे जिसकी उसे खुद भी जरूरत होती रहती होगी। 'भगिनी संगठन' जैसा शब्द लीग-हिन्दू महासभा के बार बार गलबहियां करते सियासी रिश्ते के रहस्यमहल में लगे ताले को 'खुल जा सिमसिम' कहती कुंजी ही तो है। सिंध, बलूचिस्तान और बंगाल में हिन्दू महासभा ने मुस्लिम लीग की संयुक्त सरकारों में छोटे भाई की तरह सत्ता का प्रसाद ग्रहण किया ही। गांधी के पास शब्दों के कई 'घाव करें गम्भीर' की नस्ल के विनम्र हथियार रहे हैं। यही उन्हें द्रष्टा और कालजयी बनाता है। यह तोहमत नहीं लगाई जा सकती कि हिंदू महासभा और सावरकर से असहमति के बावजूद गांधी का उनकी भी मानवीय आजादी के मूल सिद्धांतों के प्रति दुराव रहा। भले ही उन्हें सावरकर और हिंदू महासभा के सैद्धांतिक मसलों के तराजू पर संतुलन बिठाना पड़ता रहा।

यह थी गांधी की ऊपर से मासूम लेकिन अंगरेज के लिए प्रक्षेपास्त्र जैसी प्रहारक शक्ति। 1940 के बाद से ही हिंदू महासभा, सावरकर, जिन्ना और लीग के कारण अंगरेज ने कांग्रेस की खंदकें खोदनी शुरू कीं। हिन्दू महासभा तथा लीग को पुचकारते हुए गलबहियां भी कीं। यही गांधी समझ गए थे। जब अंगरेज ने कहा तब सबसे पहले कांग्रेस की ओर से गांधी ने ही समझकर पलटवार किया। वही हिन्दू साम्प्रदायिकता का मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कभी साथ, कभी खिलाफ भारतीय जीवन का मजहबी नासूर बना। 1945 तक तो वक्त की स्लेट पर पाकिस्तान बनना तय ही हो गया था। फिर भी गांधी में आत्मविश्वास कायम था और समय को समझने की कूबत का इरादा भी। अंगरेज का कहा सवर्ण हिंदू शब्द भारतीयता के संदर्भ में आज सबसे उग्र उपस्थिति है तो। इतिहास कुछ नहीं कर सका लेकिन आगे चलकर इसे ठीक तो इतिहास को ही करना है। नियतिचक्र के परिणामों से भारत भी कहां अलग हो सकता है।

हिन्दू महासभा ने कांग्रेस के अनुसार आजादी की लड़ाई के दौरान कई मतभेद, दिक्कतें और उलझनें राष्ट्रीय मानक मूल्यों के स्थिरीकरण के सन्दर्भ में पैदा की। गांधी केंद्रीय भूमिका में होने से सभी गतिविधियों और घटनाओं से भरोसेमंद तौर पर संसूचित और परिचित रहे हैं। यह आईने की तरह साफ है। हिन्दू महासभा का गठन, भूमिका, महत्वाकांक्षाएं और उसकी विचारधारा के इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में देश को अपने रंग में रंग लेने की कोशिशें बम्पर सफलता ले तो आई हैं। इतनी उसको खुद भी कल्पना नहीं रही होगी। वे भौंचक भी हुए होंगे। हिन्दू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित कई अन्य 'भगिनी संगठन' संकीर्ण हिन्दुओं के पालक संगठन की हैसियत में विकसित होते रहे हैं। मुस्लिम लीग और जमायते इस्लामी वगैरह संगठन मुसलमानों में कूढ़मगजता और कूपमंडूकता के पैरोकारों की भूमिका में रहते हैं। गांधी इसके बावजूद हिन्दू-मुस्लिम एकता के सबसे बड़े और अधिकारिक अनुसंधानज्ञ के बतौर वक्त के शिलालेख की तरह दर्ज रहेंगे। इसलिए गांधी की भाषा में सावरकर के चरित्रचित्रण में किसी आलोचक को भी अनावश्यक विशेषणों ब्याजनिन्दा या ब्याजस्तुति और किसी तरह के सियासी पूर्वग्रह को खोजने की आज गांधी के 150 वें जन्मवर्ष में जरूरत नहीं होनी चाहिए। गांधी को समझने के लिए कशिश, कोशिश और पीढ़ियों का धीरज चाहिए।

# माया है महाठगिनी



संकलित
दर्शन

संसार माया जाल है। इस जाल में उलझकर जीव जन्म जन्मांतर तक भटकता रहता है। हो सकता है कि आपने भी अब तक करोड़ों जन्म लिये हों और अगर इस जन्म में माया के बंधन से प्रयास नहीं किया तो आगे भी करोड़ों योनियों में भटकना पड़ेगा। इन्हीं स्थितियों से निकलने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते। 'यह अलौकिक अर्थात अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरंतर भजते हैं, वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात संसार से तर जाते हैं।' यह जो माया है बड़ी दुस्तर है, इसको तरना बड़ा कठिन है। असम्भव नहीं कठिन है। यह तीन गुणवाली है। तामसी आदमी अपना बिगाड़ करके भी दूसरे का बड़ा बिगाड़ करने में खुश होगा। आलस्य, निद्रा, शराब-कबाब में, कलह में वह मजा लेगा- वह माया के तामसी गुण में बंधा है। राजसी आदमी भोग में, संग्रह में- माया के रजोगुण में बंधा है। मरनेवाले शरीर की सुख-सम्पत्ति और मान-प्रतिष्ठा में अपना जीवन खपा देता है नासमझ! सात्त्विक आदमी होम-हवन, यज्ञ-याग किया, दान-पुण्य यह-वह अच्छा काम किया और लोग बोल रहे हैंः 'अच्छे हैं, नेक हैं, आहा'बोले : 'अच्छा है, अपना घर है, बेटे वेल-सेट हैं, बेटी का विवाह करा दिया, भगवान की दया है मुझ पर' वह सात्त्विक व्यक्ति इन्हीं में बँधा है, फँसा है।

# शेखचिल्ली सा होता मन



संकलित
प्रेरणा

हमारा मन बहुत कल्पनाशील है, बड़े-बड़े मंसूबे गांठता और बड़ी-बड़ी सफलताओं के सुनहरे महल बनाता रहता है, जल्दी से जल्दी बड़ी से बड़ी सफलता के लिए आतुर रहता है तो मंजिल काफी कठिन हो जायेगी। जो मनोयोग कार्य की गतिविधि को सुसंचालित रखने में लगाना चाहिए था वह शेखचिल्ली के सपने देखने में उलझा रहता है। उन सपनों को इतनी जल्दी साकार देखने की उतावली होती है कि जितना श्रम और समय उसके लिए अपेक्षित है वह उसे भार रूप प्रतीत होता है। ज्यों-ज्यों दिन बीतते जाते हैं त्यों-त्यों बेचैनी बढ़ती जाती है और यह स्पष्ट है कि बेचैन आदमी न तो किसी बात को ठीक तरह सोच सकता है और न ठीक तरह कुछ कर ही सकता है। उसकी गतिविधि अधूरी, अस्त-व्यस्त और अव्यवस्थित हो जाती है। ऐसी दशा में सफलता की मंजिल अधिक कठिन एवं अधिक संदिग्ध होती जाती है। उतावला आदमी सफलता के अवसरों को बहुधा हाथ से गँवा ही देता है। एक संत का कथन है कि 'मुझे नरक में भेज दो, मैं वहाँ भी अपने लिए स्वर्ग बना लूँगा।' उनका यह दावा इसी आधार पर था कि अपनी निज की अन्तःभूमि परिष्कृत कर लेने पर व्यक्ति में ऐसी सूझ-बूझ की, गुण-कर्म स्वभाव की उत्पत्ति हो जाती है जिससे बुरे व्यक्तियों को भी अपनी सज्जनता से प्रभावित करने एवं उनकी बुराइयों का अपने ऊपर प्रभाव न पड़ने देने की विशेष क्षमता सिद्ध हो सके।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गिरोहों पर नजर रखे सरकार

जब कोई व्यक्ति अपनी क्षमताओं के बूते कुछ करने का विश्वास खो देता है, तो उसमें लालच की प्रवृत्ति जन्म लेती है। और इसी लालच की वजह से वह जीवन में शार्टकट ढूंढ़ने की कोशिश करता है। हमारे राज्य में दीपावली के कुछ दिनों बाद पुन्नी मेला का आयोजन किया जाता है। इस मेले में ग्रामीण-शहरी सभी तरह के लोग शामिल होते हैं, परिवार के साथ एंजॉय करते हैं। लेकिन, इस तरह के भीड़-भरे आयोजनों में चोरी-जेब काटने, मोबाइल पार होने जैसी घटनाएं भी बड़े पैमाने पर सामने आती हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। सरकार को इस तरह के गिरोहों पर नजर रखनी चाहिए, ताकि किसी की खून पसीने की कमाई यूं ही न लुटती रहे। - सविता मेश्राम

## ट्रेंड

### नई ऊंचाइयां छुएं



जोहार झारखंड! स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड की जनता को बधाई। झारखंड, समृद्ध संस्कृति वाला राज्य है, जिस पर हम सभी को गर्व है। मेरी कामना है कि भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से प्रगति की नई ऊंचाइयां प्राप्त करे।

-रामनाथ कोविंद

### ब्राजील का धन्यवाद



मैं इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट आतिथ्य के लिए ब्राजील के लोगों और सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। भारत राष्ट्रपति जैयर बोलसोनारो का स्वागत करने के लिए तत्पर है। 2020 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए।

-नरेंद्र मोदी

### ऐतिहासिक कदम



किसी भी संदेह को दूर करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने वन अधिनियम में संशोधन के बारे में आज 'अधिकारियों के मसौदे' को वापस ले लिया है। सरकार के इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए।

-प्रकाश जवाड़ेकर

### दयालुता बुनियादी स्वभाव



जब व्यक्ति बहुत अधिक आत्म-केंद्रित होते हैं, तो वे भय और क्रोध से ग्रस्त होते हैं। करुणा और दूसरों को नुकसान पहुंचाने से रोकना, विषहर औषधि के समान है। वैज्ञानिकों का कहना है कि दयालु होना बुनियादी मानव स्वभाव है।

-दलाई लामा

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया ने बाइडेन को कहा 'पागल कुत्ता'



सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव की डेमोक्रेटिक उम्मीदवारी की दावेदारी कर रहे जो बाइडेन पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्हें एक 'पागल कुत्ता' कहा है। यह शब्दावली पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्तेमाल की थी और उत्तर कोरिया ने उनसे यह उधार लिया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'केसीएनए' ने गुरुवार को कहा कि बाइडेन ने 'डीपीआरके के सर्वोच्च नेतृत्व की गरिमा को धूमिल करने का दुस्साहस किया।' बयान में कहा गया, 'अगर उन्हें ऐसा करने दिया गया तो बाइडेन जैसे पागल कुत्ते बहुत से लोगों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। उन्हें डंडे से पीट-पीट कर मार डालना चाहिए।' उसमें कहा गया, 'ऐसा करना अमेरिका के लिए भी फायदेमंद होगा।' यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उत्तर कोरिया का गुस्सा किस वजह से फुटा है। बहरहाल, बाइडेन के प्रचार अभियान में इस हफ्ते एक विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें ट्रम्प की विदेश नीति की निंदा करते हुए कहा गया था कि 'तानाशाहों और अत्याचारियों की प्रशंसा की जाती है, हमारे सहयोगियों को नजरअंदाज कर दिया गया।' जब वॉयसओवर में 'अत्याचारियों' शब्द का उच्चरण किया जाता है, ठीक उसी समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की सिंगापुर शिखर वार्ता में हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर दिखाई देती है।

## ऑफ बीट

# निमोनिया-मौत मामले में भारत दूसरे स्थान पर



संयुक्त राष्ट्र। निमोनिया के कारण वर्ष 2018 में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मौत के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। यह रोग अब सुसाध्य है और इससे बचाव भी संभव है, बावजूद इसके वैश्विक स्तर पर हर 39 सेकेंड में एक बच्चे की मौत होती है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि पिछले वर्ष वैश्विक स्तर पर निमोनिया के कारण पांच वर्ष से कम उम्र के 8,00,000 से अधिक संख्या में बच्चों की मौत हुई या यूं कहें कि हर 39 सेकेंड में एक बच्चे की मौत हुई। निमोनिया के कारण जिन बच्चों की मौत हुई उनमें से अधिकतर की उम्र दो वर्ष से कम थी और 1,53,000 बच्चों की मौत जन्म के पहले महीने में ही हो गई। निमोनिया के कारण सर्वाधिक बच्चों की मौत नाईजीरिया में हुई। यहां यह आंकड़ा 1,62,000 रहा। इसके बाद 1,27,000 की संख्या के साथ भारत, 58,000 के आंकड़े के साथ पाकिस्तान, 40,000 के आंकड़े के साथ कांगो और 32,000 की संख्या के साथ इथोपिया है। संरा की एजेंसी ने कहा कि पांच वर्ष के कम उम्र के बच्चों में मौत के कुल मामलों में 15 फीसदी की वजह निमोनिया है। इसके बावजूद वैश्विक संक्रामक रोग शोध पर होने वाले खर्च में से महज तीन फीसदी खर्च इस रोग पर किया जाता है। निमोनिया के कारण होने वाली मौत और गरीबी के बीच भी मजबूत संबंध है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा विपणन पर ध्यान दें वैज्ञानिक :मिश्र

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि किसान परम्परागत खेती के स्थान पर व्यावसायिक खेती करें। इसके साथ ही उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं विपणन की ओर भी ध्यान देने की जरूरत पर बल देने को कहा। मिश्र शुक्रवार को बीकानेर में कृषि विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती की लागत कम हो तथा उत्पादन एवं आय बढ़े, इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों को नई तकनीकें इजाद करनी होंगी तथा किसानों तक तकनीक पहुंचानी होगी। राज्यपाल ने कहा कि आज भू-जल लगातार घट रहा है। ऐसे समय में जल का उचित उपयोग करते हुए अधिकाधिक उत्पादन लेना बड़ी चुनौती है।

### लोकसभा में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ आज बैठक करेंगे बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 18 नवंबर से आरंभ हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले शनिवार को सदन के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह बैठक शनिवार को दिन में साढ़े तीन बजे संसदीय पुस्तकालय भवन में होगी। माना जा रहा है कि लोकसभा अध्यक्ष इस बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं से संसद को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देने की अपील करेंगे। गौरतलब है कि 17वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 18 नवंबर से 13 दिसंबर तक है।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# मोदी के अर्थशास्त्र ने इतना नुकसान कर दिया कि सरकार को अपनी रिपोर्ट छिपानी पड़ रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रति व्यक्ति द्वारा खर्च की औसत राशि में गिरावट से जुड़ी खबर को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मोदी के अर्थशास्त्र ने इतना ज्यादा नुकसान कर दिया है कि अब सरकार को अपनी ही रिपोर्ट छिपानी पड़ रही है। गांधी ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया है जिसमें राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़े का जिक्र करते हुए कहा गया है कि भारत में 2011-12 में एक व्यक्ति द्वारा खर्च की गई औसत राशि 1501 रुपये थी, जो 2017-18 में 3.7 फीसदी की गिरावट के साथ 1446 रुपये हो गई। इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए राहुल ने ट्वीट किया, ''मोदीनॉमिक्स ने इतना ज्यादा नुकसान कर दिया है कि अब सरकार को अपनी ही रिपोर्ट छिपानी पड़ रही है।'' इस रिपोर्ट के अनुसार प्रति व्यक्ति मासिक खपत व्यय (एमपीसीई) के आंकड़े वास्तविक संदर्भ में हैं यानी इन्हें 2009-10 को आधार वर्ष मानकर महंगाई के हिसाब से



समायोजित किया गया था। 2011-12 में वास्तविक एमपीसीई दो साल की अवधि में 13 फीसदी बढ़ा था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी इसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि एक बार फिर साबित हो गया है कि नोटबंदी और जल्दबाजी में लागू की गई जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान पहुंचा है।

### भाजपा गरीबी को किनारे लगाने पर ध्यान दे : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रति व्यक्ति द्वारा खर्च की औसत राशि में गिरावट से जुड़ी खबर को लेकर शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा और तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोगों को डाटा नहीं, बल्कि गरीबी को किनारे लगाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट कियाशेखचिल्ली के लतीफ़ों के बारे में ख़ास बात ये थी कि डींगें बड़ी-बड़ी होती थीं, लेकिन असल काम में सब चौपट। भाजपा सरकार भी डींगें हांकने के लिए डाटा छिपाने में लगी है। प्रियंका ने दावा किया कि तो बहनों-भाइयों नया डाटा कहता है कि लोग गरीब हो रहे हैं। लोगों की खर्च करने की क्षमता घट रही है। गांवों में लोगों के पास खाने पर खर्च करने के पैसे भी कम हो रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा वालों, डाटा को किनारे मत लगाओ, गरीबी को किनारे करो। कांग्रेस महासचिव ने जिस मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया है उसमें राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़े का जिक्र करते हुए कहा गया है कि भारत में 2011-12 में एक व्यक्ति द्वारा खर्च की गई औसत राशि 1501 रुपये थी, जो 2017-18 में 3.7 फीसदी की गिरावट के साथ 1446 रुपये हो गई।



### केंद्रीय मंत्री सुरेश अंगड़ी ने कहा

## अर्थव्यवस्था अच्छी है, लोग शादी कर रहे हैं, हवाईअड्डे ठसाठस हैं

केंद्रीय मंत्री सुरेश अंगड़ी ने अर्थव्यवस्था के बारे में विपक्ष की आलोचनाओं को शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि ''हवाईअड्डे और रेलगाड़ियां ठसाठस भरी हैं और लोग शादी कर रहे हैं'' जो यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था 'अच्छी चल' रही है। रेल राज्यमंत्री अंगड़ी ने कहा कि अर्थव्यवस्था में हर तीन वर्ष में नरमी आती है लेकिन यह जल्द ही रफ्तार पकड़ लेगी। उन्होंने कहा कि ''कुछ लोग'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। अंगड़ी ने जल्द शुरू होने जा रहे टुंडा खुर्जा ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निरीक्षण के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''हवाईअड्डे भरे हुए हैं, रेलगाड़ियां



ठसाठस हैं, लोग शादी कर रहे हैं। कुछ लोग यह सब कुछ केवल नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करने के लिए कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हर तीन साल में अर्थव्यवस्था में मांग में कमी आती है। यह एक चक्र है। इसके बाद वह फिर रफ्तार पकड़ लेती है।'' अर्थव्यवस्था की हालत को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी दल सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

### पाकिस्तान की सनक ने उसे विफल राष्ट्र बना दिया है : भारत

**पेरिस।** भारत के आतंरिक मामलों पर पाकिस्तान के बचकाने दुष्प्रचार' को लेकर उसे आड़े हाथ लेते हुए नयी दिल्ली ने कहा कि उसके सनक भरे व्यवहार के चलते पड़ोसी देश लगभग विफल राष्ट्र में तब्दील हो गया है। भारत ने पड़ोसी देश में कट्टरता भरे समाज और आतंकवाद की गहरी जड़ों की ओर भी ध्यान दिलाया। पेरिस में आयोजित यूनेस्को के महा सम्मेलन में भारतीय शिष्टमंडल की अगुवाई करने वाली अनन्या अग्रवाल ने कहा कि हम भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए यूनेस्को के निराशाजनक दुरुपयोग और इसके राजनीतिकरण की भर्त्सना करते हैं। फिलहाल यूनेस्को के लिए भारत की प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त अग्रवाल ने जवाब देने के भारत के अधिकार का बृहस्पतिवार को प्रयोग करते हुए कहा, "हम पूरी तरह से कपट एवं छलावे से भरे मनगढ़त झूठ के जरिए भारत की छवि धूमिल करने के पाकिस्तान के बचकाने दुष्प्रचार का इस मंच के माध्यम से खंडन करते हैं। भारत का यह बयान पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री शफकत महमूद द्वारा अयोध्या विवाद पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर निराशा जाहिर करने के बाद आया है।

## कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने टिकट कटने पर कहा, पार्टी का फैसला मंजूर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में पांच दिसंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में टिकट नहीं दिये जाने से नाराज होने की खबरों के बीच प्रदेश के उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सवाडी ने शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के 'नुशासित सिपाही' हैं और पार्टी का निर्णय उन्हें मंजूर है । सवाडी ने कहा कि विधायक नहीं होने के बावजूद जिस पार्टी ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया है वही उनका भविष्य तय करेगी । प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस के अयोग्य विधायक महेश कुमातल्ली को अठानी से अपना उम्मीदवार बनाया है । 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कुमातल्ली ने सवाडी को हराया था । सवाडी ने कहा, ''मैं कहता आ रहा हूं कि मैं पार्टी का एक अनुशासित सिपाही हूं । पार्टी जो भी निर्देश देगी उसका पालन करना मेरा शुरू से कर्त्तव्य है । मुझे पार्टी का निर्णय मंजूर होगा ।'' संवाददाताओं से यहां बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे और उनकी जीत सुनिश्चित करायेंगे । सवाडी न तो विधानसभा और न ही परिषद के सदस्य थे, इसके बावजूद उन्हें प्रदेश का उप मुख्यमंत्री बनाया गया था



## डेयर डेविल्स के हवलदार ने बनाया रिकॉर्ड सीढ़ी पर उल्टे खड़े होकर 4.30 घंटे चलाई बाइक

### सिग्नल कोर के केसरी ने नया विश्व कीर्तिमान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में सेना की कोर सिग्नल्स की डेयर डेविल्स टीम ने शुक्रवार को नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया। यहां जवान केसरी जेना ने बिना हैंडल थामे सीढ़ी पर उल्टी दिशा में सवार होकर मोटरसाइकिल चलाने का पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक केसरी जेना ने साढ़े चार घंटे उल्टा खड़े होकर बाइक चलाकर नया विश्व कीर्तिमान बनाया है। इस दौरान उन्होंने कुल 320 राउंड लगाए। सूत्रों के मुताबिक वनसिगनल कोर के जांबाज जवानों की टीम डेयरडेविल्स के हवलदार



संग्राम केसरी जेना ने टीम के लिए 25 वां विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। हवलदार जेना ने बाइक पर सीढ़ी रखकर उस पर रिवर्स खड़े होकर 4 घंटे 30 मिनट 45 सेकंड बाइक चलाकर नया कीर्तिमान बनाया। इस दौरान हवलदार जेना ने कुल 128 किलोमीटर बाइक चलाई, जिसमें कोबरा ग्राउंड के 320 राउंड लगाएं। इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए कई नामी हस्तियों के साथ स्थानीय लोग भी ग्राउंड में मौजूद थे।

#### अवधेश का रिकॉर्ड तोड़ा

इससे पूर्व बीएसएफ के जवान अवधेश कुमार ने 2 घंटे 11 मिनट 48 सेकंड में 68.2 किलोमीटर बाइक चलाने का रिकॉर्ड बनाया था, जिसे हवलदार जेना ने सुबह 8:30 बजे तोड़ दिया। डेयरडेविल्स टीम के हवलदार एसके जेना ने कोबरा ग्राउंड पर सुबह 6:23 से बाइक चलाना शुरु किया, जिसे लगातार 4 घंटे तक चलाया।

#### ये रहे मौजूद

सिग्नल ऑफिसर इन चीफ और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल राजीव सभरवाल एवीएसएम वीएसएम, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय यादव व न्यायाधीश सुजॉय पॉल और 1stc के कमांडेंट ब्रिगेडियर राजीव सिंह मौजूद थे।

### रामबन में भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद, 3000 वाहन फंसे

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में भूस्खलन के कारण शुक्रवार को जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे 3000 वाहन फंस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 270 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग कश्मीर को देश के दूसरे इलाकों से जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है। जिले के डिगडोल इलाके में गुरुवार रात को हुए भूस्खलन से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों के अनुसार राजमार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर 3000 भारी वाहन और 300 हल्के वाहन फंसे हुए हैं। इलाके को साफ करने के लिए लोग और मशीनें तैनात कर दी गई हैं। पिछले सप्ताह बर्फबारी और भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की वजह से यह राजमार्ग तीन दिनों तक बंद था।




## मुंडा जयंती...



भोपाल में शुक्रवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पीसीसी मुख्यालय में मुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में आदिवासी किसानों को शुभकामनाएं दीं।

### सांभर झील पर 15 दिन में 10 हजार पक्षियों की मौत

# सीएम गहलोत ने रेस्क्यू सेंटर खोलने के निर्देश दिए

**जयपुर।** राजस्थान की खारे पानी की सबसे बड़ी झील सांभर में देशी-विदेशी पक्षियों की मौत का सिलसिला जारी है। 15 दिनों में करीब 10 हजार पक्षियों की मौत हो चुकी है। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते तीन दिनों से जेसीबी से गड्ढा खोदकर पक्षियों को जमीन में दफनाया जा रहा है। कई मृत पक्षी कीचड़ में सड़ने लगे है। इससे दूसरे पक्षियों की भी सेहत बिगड़ने की शंका है। बीकानेर अपेक्स सेंटर फॉर एनीमल डिजीज के प्रोफेसर ऐके कटारिया भी शुक्रवार सुबह सांभर पहुंचे। उनका अनुमान है कि पक्षियों के पंखों में लकवा के लक्षण भी मौत का कारण हो सकता है। इसकी वजह एविए बोटुलिज्म हो सकता है। इससे पहले गुरुवार को चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन



समेत कई बड़े अफसर और एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। उन्होंने 4800 पक्षियों के मरने की बात कही। मौके पर पहुंचे पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक, यह संख्या 10 हजार है।

#### वायरल इन्फेक्शन से हुई मौतें

पक्षियों की मौत मामले पर बुधवार को हाईकोर्ट ने स्वतःसंज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा था। सरकार ने गुरुवार को हाईकोर्ट में जवाब पेश किया। इसमें प्रवासी पक्षियों की मौत वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन समेत अन्य कारणों से होना बताया। लंबी यात्रा के दौरान पर्याप्त भोजन नहीं मिलना, प्रदूषण और कमजोरी को भी पक्षियों की मौत की वजह बताई गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मामले में गुरुवार रात समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मौत के कारणों की जांच कर प्रभावी कदम उठाने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि पक्षियों को बचाने के लिए एक और रेस्क्यू सेंटर खोलें।

#### पक्षियों की मौत के 3 बड़े कारण

जो पक्षी शुरुआत में मरे, वो दलदल में दबे हैं और उनमें मेगट्स (कीड़े) लग गए, जिन्हें खाने से दूसरे पक्षी मर रहे हैं। पक्षियों की मौत का कारण बर्ड फ्लू नहीं है।

## फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.

CIN : L52324DL1981PLC012033

पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028

E-Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com, Tel: 011-25774212-214, 25771629

**30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही / अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(आंकड़े लाखों में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम | | | | | समेकित परिणाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2019 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2019 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | 230.58 | - | - | - | - | 212.60 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 15.70 | 8.45 | 14.31 | 0.76 | 196.30 | -2.28 | 8.45 | -3.66 | 0.76 | 178.32 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.70 | 8.45 | 14.31 | 0.76 | 196.30 | -2.28 | 8.45 | -3.66 | 0.76 | 178.32 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.61 | 8.45 | 14.23 | 0.76 | 157.30 | -2.36 | 8.45 | -3.75 | 0.76 | 139.32 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 15.61 | 8.45 | 14.23 | 0.76 | 157.30 | 137.64 | 133.06 | 153.98 | 345.93 | 773.29 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स, पूर्ववर्ती लेखावर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार) | - | - | - | - | -632.83 | - | - | - | - | 263.58 |
| अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| बेसिक : | 0.22 | 0.12 | 0.20 | 0.01 | 2.23 | 1.96 | 1.89 | 2.19 | 4.91 | 10.98 |
| डायल्युटेड : | 0.22 | 0.12 | 0.20 | 0.01 | 2.23 | 1.96 | 1.89 | 2.19 | 4.91 | 10.98 |

**परिसम्पत्तियों और देनदारियों का अंकेक्षित विवरण**


| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30 सितम्बर 2019 को राशि लाखों में | 31 मार्च 2019 को राशि लाखों में | 30 सितम्बर 2019 को राशि लाखों में | 31 मार्च 2019 को राशि लाखों में |
| I. | **परिसम्पत्तियां** | | | | |
| 1 | **गैर चालू परिसम्पत्तियां** | | | | |
| | (ए) सम्पत्ति प्लांट और उपकरण | 2.08 | 2.08 | 2.08 | 2.08 |
| | (बी) वित्तीय परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (i) निवेश | 370.31 | 370.31 | 1,406.47 | 1,266.72 |
| | (सी) अन्य गैर चालू परिसम्पत्तियां | 10.10 | 10.10 | 10.10 | 10.10 |
| | | **382.49** | **382.49** | **1,418.65** | **1,278.90** |
| 2 | **चालू परिसम्पत्तियां** | | | | |
| | (ए) वित्तीय परिसम्पत्तियां | 452.05 | 452.05 | 452.05 | 452.05 |
| | (i) नकद एवं नकद समकक्ष | 15.79 | 31.03 | 15.79 | 31.03 |
| | (बी) अन्य चालू परिसम्पत्तियां | 2.40 | 0.20 | 2.40 | 0.20 |
| | **कुल** | **470.24** | **483.28** | **470.24** | **483.28** |
| II. | **इक्विटी और देनदारियां** | | | | |
| | **इक्विटी** | | | | |
| | (ए) इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| | (बी) अन्य इक्विटी | (618.60) | (632.83) | 417.56 | 263.58 |
| | **कुल इक्विटी** | **85.40** | **71.17** | **1,121.56** | **967.58** |
| | **देनदारियां** | | | | |
| 1 | **गैर चालू देनदारियां** | | | | |
| | (ए) वित्तीय देनदारियां | | | | |
| | (i) उधार | 766.6 | 784.78 | 766.60 | 784.78 |
| | | **766.60** | **784.78** | **766.60** | **784.78** |
| 2 | **चालू देनदारियां** | | | | |
| | (ए) अन्य चालू देनदारियां | 0.7 | 1.45 | 0.70 | 1.45 |
| | (बी) चालू कर देनदारियां (शुद्ध) | 0.03 | 8.37 | 0.03 | 8.37 |
| | | **0.73** | **9.82** | **0.73** | **9.82** |
| | **कुल** | **852.73** | **865.77** | **1,888.89** | **1,762.18** |

**टिप्पणी** : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स http://www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.fortuneinternational.in पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.11.2019

हस्ता/-
(निवेदन भारद्वाज)
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन–00040191)

## खबर संक्षेप



### रांची में नेट पर धोनी ने अभ्यास शुरू किया

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी ने अपने गृहनगर रांची में नेट पर अभ्यास शुरू कर लिया है लेकिन इस करिश्माई पूर्व कप्तान के अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उन्होंने गुरुवार को रांची में जेएससीए स्टेडियम में नेट पर अभ्यास कर वापसी की उम्मीद जगा दी है। हालांकि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ छह दिसंबर से मुंबई में शुरू होने वाली तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए अनुपलब्ध ही रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, 'वह वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं।'

### तमिलनाडु ने त्रिपुरा को आठ विकेट से हराया

**तिरूवनंतपुरम।** तमिलनाडु ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 क्रिकेट के ग्रुप बी मैच में त्रिपुरा को आठ विकेट से शिकस्त दी। टास जीतकर



बल्लेबाजी करने वाली त्रिपुरा ने 5.1 ओवर में महज नौ रन पर सात विकेट गंवाने वाली बुरी शुरुआत के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 79 रन बनाये। तमिलनाडु ने एम एस वाशिंगटनसुंदर की 32 गेंद में चार चौके और दो छक्के जड़ित 46 रन की पारी से 12.1 ओवर में जीत हासिल की। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने चार ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिये जिसमें दो मेडन ओवर भी शामिल रहे।

### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए आशालता का नामांकन

**कुआलालंपुर।** भारतीय महिला फुटबाल टीम की कप्तान लोइतोंगबाम आशालता देवी को शुक्रवार को एएफसी वर्ष की



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार का नामांकन मिला। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन हांगकांग के सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केन्द्र में दो दिसंबर को होगा। इम्फाल की 26 साल की इस खिलाड़ी ने भारत को 2019 सैफ चैम्पियन बनने में अहम योगदान दिया। उन्होंने 2020 ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन किया था।

### क्रिकेट : टीम इंडिया ने छह विकेट पर बनाए 493 रन, बनाई 343 रन की मजबूत बढ़त

# मयंक का 8वें टेस्ट में दूसरा दोहरा सैकड़ा, भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट में लगातार चार दोहरे शतक ठोक बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

एजेंसी ▶▶| इंदौर


सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के धमाकेदार दोहरे शतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां छह विकेट पर 493 रन बनाकर मैच पर अपना मजबूत शिकंजा कस दिया। अग्रवाल ने 329 गेंदों पर 243 रन की बड़ी और आकर्षक पारी खेली जिसमें 28 चौके और आठ छक्के शामिल हैं। उन्होंने अंजिक्य रहाणे (86) के साथ चौथे विकेट के लिए 190 रन की बड़ी साझेदारी की। कप्तान विराट कोहली हालांकि नाकाम रहे और खाता खोले बिना ही पवेलियन लौटे। भारत ने इस तरह से बांग्लादेश पर 343 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 150 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ते ही मयंक अग्रवाल ने कमाल कर दिखाया। इस दोहरे शतक से भारतीय टीम ने भी टेस्ट क्रिकेट में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। चार लगातार टेस्ट मैचों भारतीय बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार है जब लगातार चार टेस्ट मैचों में 4 दोहरे शतक एक ही टीम की ओर से लगे हैं।

**खास बातें**

- अग्रवाल ने 329 गेंदों पर 28 चौके और आठ छक्के से 243 रन की बड़ी पारी खेली
- पुजारा अपने टेस्ट करियर का 23वां और रहाणे 21वां अर्धशतक लगाकर आउट



### कोहली 8 पारियों के बाद शून्य पर आउट



भारतीय कप्तान विराट कोहली शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर टेस्ट में बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। वे 8 पारियों के बाद शून्य पर आउट हुए। उन्हें पिछली बार सितंबर 2019 में वेस्टइंडीज के केमार रोच ने किंग्सटन में आउट किया था। साथ ही दो साल बाद ऐसा हुआ है कि घरेलू मैदान पर कोहली खाता नहीं खोल सके। कोहली घरेलू मैदान पर तीन बार शून्य पर आउट हुए। उन्हें आखिरी बार नवंबर 2017 में खेले गए कोलकाता टेस्ट में श्रीलंका के सुरंगा लकमल ने आउट किया था। कोहली अपने टेस्ट करियर में 10वीं बार बगैर खाता खोले आउट हुए हैं। भारत की पहली पारी में मैच के 32वें ओवर की पांचवीं गेंद पर कोहली शून्य पर आउट हुए। उन्हें बांग्लादेश के अबु जायेद ने एलबीडब्लू किया।

### 4 दोहरे शतक का वर्ल्ड रिकार्ड

भारतीय टीम की ओर से टेस्ट मैचों में दोहरे शतक लगाने का सिलसिला मयंक अग्रवाल ने विशाखापट्टनम से शुरू किया था। मयंक अग्रवाल ने वाइजैग में 215 रन की पारी खेली थी। इसके बाद कप्तान विराट कोहली ने नाबाद 254 रन की पारी साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में खेली। वहीं, इस सीरीज के आखिरी मैच में रोहित शर्मा ने रांची में दोहरा शतक जड़ा था, जो टेस्ट में उनका पहला दोहरा शतक था। दोहरे शतक के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मयंक अग्रवाल ने ही इसे चार पर पहुंचाया दिया। इंदौर टेस्ट मैच में मयंक अग्रवाल 243 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इससे पहले भारतीय टीम की ओर से एक विश्व रिकॉर्ड बन चुका था। टेस्ट क्रिकेट के 100 साल से भी ज्यादा के इतिहास में भारतीय टीम ने वो कर दिखाया है जो अभी तक कोई भी टीम नहीं कर पाई थी। ऐसा पहली बार है जब लगातार चार टेस्ट मैचों में चार दोहरे शतक लगे हैं।

### लगातार चार टेस्ट मैचों में चार दोहरे शतक

| खिलाड़ी | रन | स्थान |
|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल | 215 | विशाखापट्टनम |
| विराट कोहली | 254 | पुणे |
| रोहित शर्मा | 212 | रांची |
| मयंक अग्रवाल | 243 | इंदौर |

### मयंक ने की सिद्धू की बराबरी

भारत की ओर से एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में मयंक अग्रवाल ने नवजोत सिंह सिद्धू की बराबरी कर ली है, जिन्होंने एक टेस्ट पारी में 8 छक्के लगाए थे।



### स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 150/10

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का अबु बो मेहदी | 243 | 330 | 28 | 8 |
| रोहित का दास बो अबु | 06 | 14 | 1 | 0 |
| पुजारा का सब. सैफ बो अबु | 54 | 72 | 9 | 0 |
| कोहली बो अबु जायेद | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रहाणे का ताइजुल बो अबु | 86 | 172 | 9 | 0 |
| रविंद्र जडेजा खेल रहे हैं | 60 | 76 | 6 | 2 |
| साहा बो इबादत हुसैन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| उमेश यादव खेल रहे हैं | 25 | 10 | 1 | 3 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 114 ओवर में 493/6

**गेंदबाजी :** इबादत 31-5-115-1, अबु जायेद 25-3-108-4, ताइजुल 28-4-120-0, मेहदी हसन 27-0-125-1, महमुदुल्लाह 3-0-24-0

## आईपीएल 2020: युवराज को मुंबई ने किया बाहर

### चेन्नई सुपर किंग्स से पांच खिलाड़ी आउट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आइपीएल के अगले सीजन की नीलामी से ठीक पहले कई फ्रेंचाइजी ने अपनी-अपनी टीमों से खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। अब इन रिलीज हुए खिलाड़ियों के भविष्य का फैसला नीलामी के जरिए होगा। ऐसे तो कई खिलाड़ियों को कई फ्रेंचाइजी ने बाहर किया, लेकिन इन सबमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम युवराज सिंह का रहा जिसे मुंबई इंडियंस ने रिलीज कर दिया। युवी को मुंबई ने पिछले साल अपने साथ उनसे बेस प्राइस यानी एक करोड़ रुपए में खरीदा था। युवी को ज्यादा मैचों में खेलने का मौका भी नहीं मिला था। उन्होंने मुंबई के लिए सिर्फ चार मैच खेले थे




और कुल 98 रन बनाए थे। उनका बेस्ट स्कोर 53 रन था। यही नहीं रॉबिन उथप्पा को भी कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स से हनुमा विहारी और क्रिस मॉरिस जैसे खिलाड़ी बाहर कर दिए गए हैं। पंजाब ने सैम कुर्रन, डेविड मिलर और एंड्रयू टे को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

**टीमों से बाहर हुए खिलाड़ी**


**कोलकाता :** रॉबिन उथप्पा, क्रिस लीन, पीयूष चावला, जो डेनली, कार्लोस ब्रेथवेट, पृथ्वीराज, निखिल नायक, करियप्पा, मैथ्यू केली, एस मुंडे। **दिल्ली कैपिटल्स:** क्रिस मौरिस, कोलिन इनग्राम, हनुमा विहारी, कोलिन मुनरो, अंकुश बैंस। **किंग्स इलेवन पंजाब:** डेविन मिलर, एंड्रयू टे, सैम कुर्रन, वरुण चक्रवर्ती, **रॉयल चैलेंजर बैंगलोर:** डेल स्टेन, मार्कस स्टॉयनिस, शिमरोन हेटमायर, अक्शदीप, नाथन कुल्टर नाइल, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, प्रयास, टिम साउथी, कुलवंत खजरोलिया।

## शरद कुमार और मरियप्पन ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के ऊंची कूद के पैरा एथलीट शरद कुमार और मरियप्पन ने यहां विश्व परा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतकर अगले साल होने वाले टोक्यो पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

दो बार के एशियाई परा खेल चैंपियन शरद कुमार का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 1.83 मीटर रहा जबकि रियो परालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन को 1.80 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला। यह मरियप्पन का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। सैम ग्रेव ने 1.86 मीटर के चैंपियनशिप रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। शरद



ने बाद में कहा, 'मैं अपने आज के प्रदर्शन से निराश हूं। मैं पिछले तीन साल से उक्रेन में रहकर अभ्यास कर रहा हूं और मुझे इससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। मुझे अपने कार्यक्रम, योजना और अन्य कई चीजों पर फिर से गौर करना होगा।' इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय रामसिंह पढ़िया 1.77 मीटर के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

**लाल ने कांस्य से हासिल किया ओलंपिक कोटा**

लाल विनयकुमार ने पुरुषों की 400 मीटर टी44 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर टोक्यो 2020 में भी जगह बनाई। उन्होंने 55.49 सेकेंड में यह दूरी पूरी की। भारत ने चैंपियनशिप में अब तक दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक जीत लिए हैं। चीन 23 स्वर्ण सहित 53 पदक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद ब्राजील (37) और ग्रेट ब्रिटेन (24) का नंबर आता है।


## रिद्धिमा ने जीता डब्लूपीजी टूर का पांचवां खिताब

**कोलकाता।** रिद्धिमा दिलवारी ने महिला प्रो गोल्फ टूर में सत्र के आखिरी और 15वें चरण में धैर्य से खेलते हुए शुक्रवार को खिताब अपने नाम किया। रिद्धिमा के लिए यह सत्र का पांचवां खिताब है जिससे वह आर्डर आफ मेरिट में गौरिका विश्नोई के बाद दूसरे स्थान पर रही। रिद्धिमा ने इस सत्र में पुरस्कार के तौर पर 11,09,433 रुपए जीते जबकि बीमारी के कारण 15वें चरण से बाहर रहने के बाद भी गौरिका ने पुरस्कार के तौर पर 11,84,100 रुपए जीते। दस लाख से ज्यादा की कमाई करने वाली महिला गोल्फरों में अमनदीप द्राल भी शामिल हैं जो 10,55,933 रुपए की राशि के साथ आर्डर आफ मेरिट में तीसरे स्थान पर हैं। रायल कोलकाता गोल्फ कोर्स पर रिद्धिमा तीसरे दौर के बाद दीक्षा डागर से तीन शाट से पिछड़ रही थीं लेकिन आखिरी दौर में उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला।

## भारतीय महिला टीम ने जीती वेस्टइंडीज से टी-20 श्रृंखला

**प्रोविडेन्स।** गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद जेमिमा रोड्रिग्स की सधी हुई पारी के दम पर भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बनाई। भारतीय स्पिनरों ने वेस्टइंडीज को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 59 रन ही बनाने दिए। इसके बाद रोड्रिग्स ने 51 गेंदों पर नाबाद 40 रन की पारी खेली जिससे भारत ने तीन विकेट गंवाकर 20 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 40 साल, **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **पहनावाः** अंडरवियर पहने हुए है, जो दिनांक 22.10.2019 को सुबह 06:34 बजे प्लॉट नं. सी–223 के सामने, संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली से मृत पाया गया। इस संदर्भ में FIR/DDNo. 08-A , दिनांक 14.11.2019 थाना समयपुर बादली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना समयपुर बादली, दिल्ली
DP/787/ON/19 फोनः 011-27854757, 8750870326

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 45 साल, **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सांवला, **कदः** 5 फुट 8 इंच, **पहनावाः** ग्रे कलर की कमीज और ग्रे कलर की पेन्ट व नंगे पैर है, जो दिनांक 05.11.2019 को शांति देसाई स्पार्ट क्लब, चाँदनी चौक, कोतवाली, दिल्ली से मृत पाया गया। इस संदर्भ में DD No. 15-A, दिनांक 05.11.2019 थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली, दिल्ली
DP/620/N/19 फोनः 011-23977100, 8750870121

## भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देंगे योहान ब्लेक

### टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' को देंगे बढ़ावा


एजेंसी ▶▶| मुंबई




विश्व और ओलंपिक 100 मीटर व 200 मीटर चैंपियन फर्राटा धावक योहान ब्लेक अगले साल फरवरी में होने वाली टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' को बढ़ावा देने के लिए भारत आएंगे। टोक्यो ओलंपिक 2020 में 100 मीटर और 200 मीटर प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दावेदार ब्लेक दिसंबर के पहले हफ्ते में भारत आएंगे। जमैका के 29 साल का यह एथलीट देश में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियों में हिस्सा लेगा। भारत में प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 1,50,000 लोग की मौत हो जाती है जबकि 4,50,000 लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। वह 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' का प्रचार करेंगे जो भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के महान खिलाड़ियों के बीच खेली जाएगी। पहले चरण में यह सीरीज मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में आयोजित होगी। ब्लेक यह सुनकर हैरान हो गये कि भारत में प्रत्येक चार मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है और दुनिया में मरने वाले हर 100 व्यक्ति में 30 भारतीय होते हैं।

**तेंदुलकर से लूंगा आटोग्राफ**

ब्लेक ने कहा, 'मैंने भारत के बारे में काफी सुना है और मैं हमेशा से इस शानदार देश का दौरा करना चाहता था। मुझे 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' टीम का शुक्रिया अदा करना चाहिए जिससे यह संभव कराया। मैं इससे जुड़कर खुश हूं क्योंकि इससे मुझे समाज को कुछ वापस देने का मौका मिलेगा।' 'रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' में तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ब्रायन लारा के अलावा कई महान खिलाड़ी ब्रेट ली, वीरेंद्र सहवाग और मुथैया मुरलीधरन शामिल हैं। तेंदुलकर इस सीरीज के ब्रांड दूत भी हैं जबकि सुनील गावस्कर इस सीरीज के आयुक्त हैं। ब्लेक वेस्टइंडीज लीजेंड्स टीम के लिए 'सड़क सुरक्षा चैंपियन' हैं।



### श्रीकांत हांगकांग ओपन के सेफा में

**हांगकांग।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त चेन लोंग के चोट के कारण हटने से हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 13वें नंबर पर काबिज लेकिन यहां गैरवरीयता प्राप्त श्रीकांत तब एक गेम से आगे चल रहे थे जब लोंग ने हटने का फैसला किया। इससे भारतीय शटलर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहा। श्रीकांत ने पहला गेम केवल 15 मिनट में 21-13 से जीता। इसके बाद लोंग आगे नहीं खेल पाए। यह श्रीकांत की चीनी शटलर के खिलाफ दूसरी जीत है। श्रीकांत इस टूर्नामेंट में अकेले भारतीय बचे हैं।

**ACB (INDIA) LIMITED**
CIN: U10102DL1997PLC085837
Regd. Office: C-102, L.G.F., New Multan Nagar, Surya Enclave, New Delhi–110056
Tel: +91 11 2529 1566; Fax: +91 11 2529 1567,
Website: www.acbindia.com; Email: compliance@acbindia.com,
**Abstract of The Statement of unaudited standalone financial results for the six months period ended on 30 September 2019**
*(All amounts are in Rupees Lakhs, unless otherwise stated)*

| | Particulars | For the period ended 30 September 2019 Unaudited | For the period ended 30 September 2018 Unaudited | For the year ended 31 March 2019 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 62,721.03 | 73,534.64 | 144,353.65 |
| 2 | Net profit for the period before tax (before exceptional items) | 5,527.24 | 7,808.62 | 13,860.52 |
| 3 | Net profit for the period before tax (after exceptional items) | 5,527.24 | 7,808.62 | 13,860.52 |
| 4 | Net profit for the period after tax (after exceptional items) | 4,457.04 | 5,443.22 | 9,977.88 |
| 5 | Total comprehensive income for the period | 4,456.55 | 5,442.39 | 9,997.50 |
| 6 | Paid up equity share capital (Face value per share of Rs. 10 each) | 23,800.57 | 23,800.57 | 23,800.57 |
| 7 | Paid up debt capital (non-convertible debentures) | 6,000.00 | 13,000.00 | 7,750.00 |
| 8 | Debenture redemption reserve | 1,937.49 | 3,684.82 | 1,937.49 |
| 9 | Reserves (excluding revaluation reserves and debenture redemption reserve) | 218,809.29 | 208,673.03 | 215,070.06 |
| 10 | Net worth (Paid up equity share capital plus Reserves and surplus, excluding debenture redemption reserve) | 242,609.86 | 232,473.60 | 238,870.63 |
| 11 | Earning per share (in Rs.) | 1.87 * | 2.29 * | 4.19 |
| 12 | Debt equity ratio (DER) | 0.66 | 0.75 | 0.73 |
| 13 | Debt service coverage ratio (DSCR) | 0.92 | 1.01 | 0.95 |
| 14 | Interest service coverage ratio (ISCR) | 2.14 | 2.38 | 2.28 |

* Not annualised.

Notes:
a) The above is an extract of the detailed format of half yearly/annual financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the half yearly/annual financial results are available on the Stock Exchange website www.bseindia.com and on the Company's website www.acbindia.com
b) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on 14 November 2019.

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
Place: Gurugram — Rudra Sen Sindhu
Date : 14 November 2019 — Chairman cum Managing Director

**MY MONEY SECURITIES LTD.**
CIN: L67120DL1992PLC047890
Regd Office : 10-A, UNDERHILL LANE, CIVIL LINES, DELHI-54
Ph. 011-23924241, 23930655, EMAIL ID : mymoneyviews@outlook.com
Extract of the Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and half year ended 30th September, 2019
(Rs. In lacs)

| Particulars | Quarter Ended 30.09.2019 Unaudited | Quarter Ended 30.06.2019 Unaudited | Quarter Ended 30.09.2018 Unaudited | Six Months Ended 30.09.2019 Unaudited | Six Months Ended 30.09.2018 Unaudited | Year Ended 31.03.2019 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from operations (net) | 20.97 | (13.80) | (20.24) | 7.17 | (72.02) | 44.97 |
| Net Profit/(Loss) from Ordinary Activities after tax | (12.32) | (36.77) | (42.14) | (49.09) | (118.61) | (110.24) |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (12.32) | (36.77) | (42.14) | (49.09) | (118.61) | (110.24) |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income (after tax) | (12.32) | (36.77) | (42.14) | (49.09) | (118.61) | (110.24) |
| Equity Share Capital | 1000.03 | 1000.03 | 1000.03 | 1000.03 | 1000.03 | 1000.03 |
| Earning per share (before extra ordinary items) (of Rs. 10/- each) Basic | (0.123) | (0.368) | (0.421) | (0.491) | (1.186) | (1.102) |
| Diluted | (0.123) | (0.368) | (0.421) | (0.491) | (1.186) | (1.102) |
| Earning per share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) Basic | (0.123) | (0.368) | (0.421) | (0.491) | (1.186) | (1.102) |
| Diluted | (0.123) | (0.368) | (0.421) | (0.491) | (1.186) | (1.102) |

Note :
The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites. (www.bseindia.com) and company website www.mymoneyviews.com

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Place : Delhi — Sanjai Seth
Dated 14/11/2019 — Whole Time Director
DIN : 00350518

## विदेश मंत्री एस जयशंकर का पाक पर हमला, कहा-

# आतंकवाद फैलाने वाले पड़ोसी से कौन बात करे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के लड़ने में सहयोग के लिए सच्ची इच्छा दिखानी होगी। एक अखबार को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही अच्छे रिश्तों को बनाना चाहते हैं। जब जयशंकर से पाक के विदेश मंत्री की भारत और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों पर टिप्पणी पर सवाल किया गया तो वे बोले कि 'पाकिस्तान ने आतंक का उद्योग खोल रखा है और भारत में हमले के लिए आतंकियों को भेजता है। पाकिस्तान खुद इस बात से इंकार नहीं करता। अब आप मुझे बताएं कौन सा देश ऐसे पड़ोसी से बात करना चाहेगा जो खुलेआम उनके खिलाफ आतंक फैलाता हो।' बता दें कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत के साथ पाकिस्तान के रिश्ते लगभग शून्य हैं। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद के खिलाफ गंभीर एक्शन में सहयोग की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर कई भारतीय आतंकी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान में हैं। हम पाकिस्तान से कहते हैं कि हमें उन्हें सौंप दिया जाए। इसके अलावा भारत और चीन के संबंधों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे संबंध काफी मजबूत हैं। जयशंकर ने कट्टरपंथी और अलगाववादी तत्वों की हिंसक प्रतिक्रियाओं को रोकने के लिए अगस्त में जम्मू और कश्मीर में लगाए गए प्रतिबंधों का भी जिक्र किया।

■ भारत और चीन की बात करते हुए जयशंकर ने कहा, हमारे संबंध है काफी मजबूत



# अब सेना का दम बढ़ाएगा जबलपुर के आयुध निर्माणी खमरिया में बना टैंकरोधी बम

## 'मैंगो प्रोजेक्ट' के तहत अगले 4 माह में रशियन तकनीक से इन बमों के 20 हजार नग बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

भारतीय सैन्य जवान अब युद्ध मैदान में दुश्मन सेना के गोले बरसाते टैंक को चंद सेकंड में ध्वस्त करने में भी सक्षम रहेंगे। आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में रशियन तकनीक से बना 'टैंकभेदी बम' (125एमएम एफएसएपीडीएस) दुश्मनों को युद्ध मैदान छोड़ने पर मजबूर करेगा।

इस निर्माणी में 'मैंगो प्रोजेक्ट' के तहत अगले 4 माह में इन बमों के 20 हजार नग बनाए जाएंगे। भारत-रूस के बीच ट्रांसफर ऑफ टेक्नालॉजी (टीओटी) करार होने के बाद ओएफके में रशियन तकनीक के टैंकभेदी बमों का उत्पादन होने का यह दूसरा मौका है। यह निर्माणी इससे पहले एसकेडी के अंतर्गत 10 हजार टैंकभेदी बमों का उत्पादन कर चुकी है। इसके बाद ओएफके ने रक्षा मंत्रालय के माध्यम से रूस को कच्चा माल (रॉ-मटेरियल) भेजने के आदेश दिए। टीओटी करार के अनुसार रूस ने कच्चा माल भेज दिया। इससे ओएफके में मैंगो प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में सीकेडी के तहत टैंकभेदी बम का दोबारा उत्पादन शुरू हो गया। निर्माणी प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ही 20 हजार टैंकभेदी बम बनाने का लक्ष्य रखा है। निर्माणी के कर्मचारी तेज रफ्तार से टैंकभेदी बम बनाने में जुटे हैं।

### बालासोर में होगा परीक्षण

ओएफके में रशियन तकनीक से बनाए गए टैंकभेदी बमों का बालासोर फायरिंग रेंज में परीक्षण (टेस्ट) होगा। इस परीक्षण को लेकर निर्माणी प्रशासन उत्साहित है। वहीं बालासोर रेंज प्रबंधन ने ओएफके के टैंकभेदी बम का परीक्षण करने दिसंबर का स्लाट दिया है।




### मोटी स्टील प्लेट भेदना आसान

ओएफके में उत्पादित रशियन तकनीक के टैंकभेदी बम के लिए 55 एमएम मोटाई की स्टील प्लेट चंद सेकंड में भेदना आसान है। भारतीय सैन्य जवानों को युद्ध मैदान में टैंक से यह बम चलाना पड़ता है, जो कि 500 मीटर से 12 किमी. दूर मौजूद लक्ष्य पर पहुंचकर तबाही मचाता है।

### फ्रांस से मंगवाई 8 टन वजनी मेटल प्लेट

ओएफके प्रशासन ने टैंकभेदी बमों का परीक्षण करने टंगस्टन, स्टील और अन्य धातु मिश्रित मेटल प्लेट फ्रांस से मंगवाई है। इस प्लेट का वजन करीब 8 टन है, जो कि 3 मीटर मोटी, 3 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी है।

### तेजी से उत्पादन हो रहा

भारत-रूस का टीओटी करार होने के बाद ओएफके में मैंगो प्रोजेक्ट के तहत टैंकभेदी बम का उत्पादन किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में अब 31 मार्च के पहले 20 हजार नग बनाने का लक्ष्य रखा है। निर्माणी में 125एमएम एफएसएपीडीएस का तेजी से उत्पादन हो रहा है। बालासोर फायरिंग रेंज में इन बमों की टेस्टिंग शीघ्र होगी।



शुक्रवार को बेंगलुरु में जाने-माने कवि और संत कनकदास की जयंती धूम-धाम ने मनाई गई इसी दौरान कलाकारों ने खुद को कुछ इस कदर ढाला कोई बना राम तो कोई बना हनुमान।

### पूर्वोत्तर के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए आरसीईपी से अलग रहे पीएम : राजनाथ

**लोअर दिबांग।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग जिले के दौरे पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और खासतौर से पूर्वोत्तर राज्यों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए आरसीईपी से बाहर रहने का फैसला लिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) में शामिल हो गया होता तो किसानों, कामगारों और उद्योगों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव होता। सिसेरी पुल का उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि बैंकाक में हाल ही में हुए आसियान सम्मेलन के दौरान हमारे प्रधानमंत्री ने बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि भारत आरसीईपी का हिस्सा नहीं बनेगा।

## इसरो के वैज्ञानिकों ने कहा

# उत्तर कोरिया का परमाणु परीक्षण हिरोशिमा पर गिराए गए बम से था 17 गुना शक्तिशाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर कोरिया द्वारा 2017 में किए गए परमाणु परीक्षण से जमीन कुछ मीटर खिसक गयी थी और यह 1945 में जापानी शहर हिरोशिमा पर गिराए गए बम से 17 गुना अधिक शक्तिशाली था। अहमदाबाद में अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो के केएम श्रीजीत के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने गौर किया कि उत्तर कोरिया 2003 में परमाणु अप्रसार संधि से अलग हो गया था। बाद में पांच भूमिगत परमाणु परीक्षणों के साथ परमाणु हथियार विकसित कर लिया और तीन सितंबर 2017 को संभवतः हाइड्रोजन बम भी तैयार कर लिया। अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के रितेश अग्रवाल और ए एस राजावत सहित विभिन्न वैज्ञानिकों ने जमीन पर परीक्षणों के माप को बढ़ाने के लिए उपग्रह डाटा का उपयोग किया। 'जर्नल जियोफिजिकल जर्नल इंटरनेशनल' में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने कहा कि परमाणु परीक्षणों की पहचान का पारंपरिक तरीका भूकंपों की निगरानी करने वाले नेटवर्क के भूकंपीय माप पर निर्भर होता है। हालांकि, इस विशेष परीक्षण स्थल के पास स्टेशनों से खुले तौर पर भूकंपीय डाटा उपलब्ध नहीं हैं। इसका अर्थ है कि वहां होने वाले परमाणु विस्फोटों के स्थान और आकार का पता लगाने में अनिश्चितताएं हैं। इस नए अध्ययन में, श्रीजीत और उनकी टीम ने समाधान के लिए अंतरिक्ष की ओर रुख किया। टीम के वैज्ञानिकों ने जापानी उपग्रह एएलओएस-2 के आंकड़ों और इनएसएआर नामक तकनीक का उपयोग किया। वैज्ञानिकों ने उत्तर कोरिया के उत्तर-पूर्व में माउंट मंतप पर सितंबर 2017 के विस्फोट से ऊपर की सतह पर हुए परिवर्तनों को मापा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109